दिनांक 14 मई 2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बाहर से आए हुए 7 मजदूरों को रखा गया है क्वॉरेंटाइन सेंटर में, चाय नाश्ता एवं भोजन की सुविधा कराई जा रही है मुहैया

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के मंगल भवन खुर्सीपार को क्वॉरेंटाइन सेंटर बनाया गया है जहां पर 7 मजदूर बाहर से आकर इस क्वॉरेंटाइन सेंटर में रुके हुए हैं! 3-4 दिनों पूर्व विभिन्न क्षेत्रों से आए मजदूरों को यहां पर रखा गया है जिन्हें सुबह चाय, नाश्ता एवं दोनों टाइम का भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है! मंगल भवन स्थित क्वॉरेंटाइन सेंटर के लिए कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है! मंगल भवन में रुकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था मौजूद है दो हॉल सहित यहां पर 8 कमरे हैं और इसकी क्षमता 100 से अधिक लोगों को रखने की है! ठहरे हुए मजदूरों/श्रमिकों के समय व्यतीत करने के लिए कैरम बोर्ड की व्यवस्था की गई है , इन मजदूरों में से दो दुर्ग के हैं और तीन खुर्सीपार क्षेत्र के हैं , अभी पांच लोग यहां पर रह रहे हैं! इस भवन से लगे हुए कमरे में पुलिस बल मौजूद है जो इनकी निगरानी रख रही है ताकि यह कहीं बाहर न जा सके , निगम की टीम भी मौजूद रहकर साफ सफाई , सैनिटाइजिंग का कार्य कर रही है! इस भवन में शौचालय , पंखा, कूलर, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था मौजूद है! इसके अतिरिक्त इन मजदूरों को सैनिटाइजर , मास्क, साबुन आदि प्रदाय किया गया है तथा थर्मल स्क्रीनिंग से टेंपरेचर की जांच की गई है! गौरतलब है कि महाराष्ट्र मध्य प्रदेश , उड़ीसा इत्यादि प्रदेशों से लॉक डाउन में फंसे हुए 32 लोगों को इस स्थल पर रहने एवं खाने की जगह देकर पर्याप्त सुविधा मुहैया कराई गई थी , इस दौरान निगम के महापौर एवं आयुक्त सहित आला अधिकारी भी इनकी व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहते थे , कुछ दिन पूर्व ही इन्हें उनके राज्यों के लिए रवाना किया जा चुका है!